वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः डी0एस0डब्ल्यू/ 416 /2020–21 **तत्काल** दिनांक : 29.10.2020

सेवा में,

1–समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
सम्बद्ध महाविद्यालय
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

2–समस्त संकायाध्यक्ष/निदेशक
परिसर में संचालित पाठ्यक्रम
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषयः–दिनांक 31 अक्टूबर, 2020 में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के दिन पूरे भारत वर्ष में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रतिवर्ष "रन फार यूनिटी" कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है परन्तु कोविड–19 के दिशा–निर्देशों के तहत यह कार्यक्रम मात्र राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ तक ही सीमित रखा जायेगा। राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 31 अक्टूबर, 2020 को अपरान्ह 01.00 बजे मुक्तांगन परिसर में किया जायेगा।

उक्त के क्रम में आपसे निवेदन है कि अपने संकाय/संस्थान के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करें।

भवदीय,

29/10/20

(प्रो0 अजय द्विवेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः–
1–विशेष कार्याधिकारी कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2–वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3–परीक्षा नियत्रंक जी के सूचनार्थ।
4–सहायक कुलसचिव, प्रशासन को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को इस कार्यक्रम में सहभाग हेतु आदेशित करने का कष्ट करें।
5–वेब मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित की उपरोक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण

राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

RASHTRIYA EKTA DIWAS PLEDGE

I solemnly pledge that I dedicate myself to preserve the unity, integrity and security of the nation and also strive hard to spread this message among my fellow countrymen. I take this pledge in the spirit of unification of my country which was made possible by the vision and actions of Sardar Vallabhbhai Patel. I also solemnly resolve to make my own contribution to ensure internal security of my country.